### खबर संक्षेप



## सिलौंडी में हनुमानजी जयंती पर आयोजन आज

**सिलौंडी।** सिलौंडी में आज 23 अप्रैल को हनुमानजी जयंती पर श्री बालाजी मंदिर में हनुमानजी के पूजन अर्चन के भंडारे का आयोजन किया गया है। एवँ रात में सुंदर कांड एवँ महाआरती होगी । बड़े हनुमानजी मंदिर एवँ छोटे हनुमानजी मंदिर पूजन अर्चन एवँ प्रसाद वितरण होगा । इसी तरह मुख्य बाजार में हनुमान कुटी बरगद के नीचे नवीन मंदिर में हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा ,सुंदर कांड एवँ भंडारा होगा । हनुमान जी कुटी धर्मपुरा में भी सुंदर कांड महाआरती प्रसाद वितरण होगा । पंचमुखी दरबार में भी हनुमानजी का पूजन अर्चन एवँ प्रसाद वितरण होगा । साथ ही सिलौंडी के सभी हनुमानजी के मंदिरों में भी विशेष पूजन अर्चन होगा । कार्यक्रम में सभी भक्तों से पहुँचने की अपील की गयीं है ।

## मतदाताओं से की वोटिंग करने की गई अपील

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाने और शत-प्रतिशत मतदान का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए जिला कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी अवि प्रसाद के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत कटनी नगर निगम द्वारा आज 22 अप्रैल 2024 को शाम 7 बजे से कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। नगर निगम के अधिकारियो कर्मचारियों द्वारा कैंडल मार्च निकालकर आमजनों को आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने और अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया। इस दौरान निगम आयुक्त विनोद कुमार शुक्ल ने हरी झंडी दिखाकर कैंडल मार्च को रवाना किया। यह कैंडल मार्च नगर निगम कटनी कार्यालय से प्रारंभ होकर पुलिस थाना कटनी, गांधी द्वार, जवाहर चौक रूई बाजार, मेंन मार्केट कपड़ा बाजार, सुभाष चौक, मोहन टॉकीज होते हुए महारानी लक्ष्मीबाई चौक कचहरी चौक पर ₹हम कटनी है, वोट करेगे₹ स्लोगन पर कैंडल रखते हुए निगमायुक्त द्वारा मतदाता शपथ दिलाए जाने के उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान उपायुक्त पी.के. अहिरवार, कार्यपालन यंत्री केपी शर्मा, सुधीर मिश्रा, राजस्व अधिकारी एवं निर्वाचन प्रभारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, शासकीय कन्या महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर चित्रा प्रभात,पूजा द्विवेदी जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग, वनश्री कुर्वेती महिला सशक्तिकरण अधिकारी सहित कर्मचारियों की उपस्थित रही।

## बका लेकर दहशत फैलाते युवक पकड़ाया

**कटनी।** बका लेकर घूम रहे एक युवक को कैमोर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी अनुसार मुखबिर की सूचना पर खलवारा बाजार में एक युवक बका के साथ पकड़ा गया जो लोगों को डरा धमका रहा था। आरोपित का नाम निखिल कोल उर्फ भूत उम्र 18 वर्ष निवासी खलवारा बाजार बताया गया है। जिसके ऊपर पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

## सट्टा पर्ची काटते दो सटोरिये गिरफ्तार, 300 रूपए किये जब्त

**कटनी।** विजयराघवगढ़ पुलिस ने दो सटोरियों को सट्टा पर्ची काटते पकड़ा है। सटोरियों के खिलाफ सट्टा एक्ट के तहत प्रकरण बनाया गया है। जानकारी अनुसार ग्राम परसवारा में ददूली कोल उम्र 45 साल सट्टा खिला रहा था, सूचना मिलने पर पुलिस टीम पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से सट्टा पट्टी व 300 रुपए जब्त हुए। इसी तरह ग्राम सिनगौड़ी में सौरभ अग्रवाल निवासी विगढ़ सट्टा खिला रहा था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया।

### कलेक्टर हुए सख्त, 7 दिन का दिया समय, कार्यवाही करने दी चेतावनी

# अवैध रूप से चल रहे होटल रेस्टोरेंट एवं मैरिज गार्डन पर लिया एक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





कलेक्टर अवि प्रसाद द्वारा मध्यप्रदेश जल एवं वायु प्रदूषण अधिनियम और नियम का पालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्रवाई करने के दिए निर्देश के बाद मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी द्वारा मेसर्स बाम्बे होटल रेस्टोरेंट माधवनगर और मैसर्स जलसा मैरिज गार्डन पन्ना रोड गल्ला मंडी को अवैध रूप से होटल व रेस्टोरेंट संचालन करने के संबंध मे मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा नोटिस जारी किया गया है। साथ ही 7 दिवस के अंदर सभी कार्यवाहियां पूर्ण न होने की स्थिति में नियमानुसार कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है।

### निर्देशों की कर रहे अव्हेलना

क्षेत्रीय अधिकारी मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड पुष्पेन्द्र सिंह ने मैसर्स बाम्बे होटल व रेस्टोरेंट और मैसर्स जलसा मैरिज गार्डन को जारी कारण बताओ नोटिस में उल्लेखित किया है कि पूर्व मे इन दोनों प्रतिष्ठानों में होटल व रेस्टोरेंट के संचालन हेतु मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सम्मति व लायसेंस प्राप्त करने के बाद ही होटल रेस्टोरेंट इकाई का संचालन करने के लिए कहा गया था। इन दोनों संस्थानों को एन.जी.टी के निर्देशों के अनुरूप मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जल व वायु अधिनियम के अंतर्गत सम्मति प्राप्त करना अनिवार्य था। लेकिन समय- समय पर पत्र द्वारा दिये गए निर्देशों की अवहेलना करने की वजह से अंतिम बार निर्देशित किया जा रहा है कि मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सम्मति व लायसेंस प्राप्त कर ही होटल व रेस्टोरेंट का संचालन करें। साथ ही जल एवं वायु प्रदूषण नियंत्रण हेतु प्रदूषण रोधी संयंत्र भी लगाना जरूरी है।

### नियमों का खुला उल्लंघन

इसी प्रकार इन दोनो संस्थानो द्वारा मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की बिना जल एवं वायु अधिनियम के अंतर्गत सम्मति व लायसेंस और उत्पादन सम्मति प्राप्त किये बिना ही संचालन किया जा रहा है, जो कि पर्यावरणीय अधिनियमों का उल्लंघन है। इसलिए सम्मति व लायसेंस प्राप्त करने हेतु पूर्ण तिथि एवं शुल्क सहित आवेदन बोर्ड की वेबसाईट मे एक्स.जी.एन के माध्यम से करने हेतु निर्देशित किया गया है।

### की जाएगी वैधानिक कार्यवाही

इन सभी बिंदुओं पर सात दिवस के अंदर दोनों प्रतिष्ठानों द्वारा कार्यवाही पूर्ण नहीं किये जाने की स्थिति में जल एवं वायु प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण अधिनियम के प्रावधानों के तहत नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

## ताला सुधारने के लिये आये बदमाशों ने पार किये जेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



एनकेजे थाना क्षेत्र में करीब एक पखवाड़े पूर्व बदमाशों ने एक घर में अलमारी का ताला सुधारने के नाम पर लाखों के जेवरात पार कर दिये। वारदात के दो सप्ताह बाद पुलिस ने चोरी का मामला कायम करते हुए पतासाजी शुरु कर दी है। घटना 7 अप्रैल की है। एनकेजे थाना अंतर्गत त्रिपाठी लाईन दुबे कॉलोनी निवासी रेलवे से ड्राइवर पद पर सेवानिवृत्त रतन सिंह 68 के रुम का सेंटर लॉक में चाबी फंसकर टूट गई थी। फेरीवाले के रुप में बदमाश रास्ते से गुजरते हुए ताला सुधरवाने की आवाज लगाते रहे। आवाज सुनकर सेवानिवृत्त ड्राइवर ने घर के अंदर बुला लिया और दिन में 10.30 से लेकर 11 बजे के बीच वारदात को अंजाम देते हुए चंपत हो गए। शिकायत पर - पुलिस ने चोरी का मामला कायम कर लिया है। बताया जाता है कि जिस रुम का सेंटर लॉक खराब था। उस रुम में अलमारी भी रखा हुआ था। जिसमें सोने-चांदी के जेवरात सहित नकदी रखे हुए थे। लॉक सुधारते समय दोनों बदमाश कमरे के अंदर चले गए। बाहर से लॉक को उपकरण के माध्यम से बुजुर्ग को पकड़ने को कहा और दरवाजा बंद कर कमरे में अंदर की तरफ दोनों बदमाश ताला सुधारने का काम करते रहे। इस - दौरान करीब पांच से दस मिनट का समय लगा। आशंका है कि एक बदमाश तो ताला सुधराने का काम करता रहा, लेकिन दूसरा बदमाश - इसी दौरान अलमारी को खंगालते हुए जेवरात रख लिए। ताला सुधर जाने पर बुजुर्ग दंपत्ति ने राहत की सांस ली, लेकिन घटना के दूसरे दिन 9 अप्रैल को जब रुपए की आवश्यकता पड़ी तो रतन सिंह ने अलमारी खोली। जिसमें देखा की लॉकर का ताला खुला हुआ है और उससे जेवरात पार हो गए हैं। चोरी की मौखिक जानकारी लेकर थाने पहुंचे। गीता ठाकुर पत्नी रतन ने बताया कि 17 से 18 तोला सोने के अलग-अलग आभूषण, चांदी के जवरात सहित अन्य सामग्री बदमाशों ने पार कर दिया।

### बरही पुलिस व एसएसटी टीम द्वारा की गई कार्यवाही

# बोलेरो वाहन से 11 लाख से अधिक के सोने-चांदी के जेवरात किये जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



बरही पुलिस ने एक बोलेरो वाहन से लाखों रूपए कीमती सोने व चांदी के जेवरात जब्त किये हैं। चालक द्वारा बिना वैध कागजात के सोने व चांदी के जेवरात परिवहन किया जा रहा था। जब्त जेवरातों की कीमत 11 लाख रूपए आंकी गई है।

जानकारी देते हुए बरही थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह यादव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के व्दारा सभी थाना प्रभारियो को निर्देशित किया गया था कि आचार संहिता के नियमो का कडाई से पालन कराया जाए एवं आवागमन के माध्यम से रुपये पैसो बडी मात्रा में एवं चुनाव प्रचार को प्रभावित करने वाली वस्तुओ का परिवहन होने पर कठोर कार्यवाही की जाये। वरिष्ट अधिकारियो के निर्देशन पर थाना बरही एवम एस. एस. टी. टीम के द्वारा वाहन चैंकिग के दौरान बुलेरो क्रमांक एम.पी. 19 सी.बी. 7537 को रोककर चैक किया गया तो उसके पास एक काले रंग के रैगजीन के बैग मैं सोने चांदी से बने हुए आभूषण मिले जिसे निकालकर चैक किया गया तो चांदी से बने आभूषण कुल 6671 ग्राम जिसकी कीमत कुल 4 लाख 66 हजार 900 रुपए की एवं सोने से बने आभूषण कुल 92gm जिसकी कीमत कुल 6 लाख 66 हजार 250 रुपए की कुल कीमती 11 लाख 33 हजार 150 रुपए के रखे मिले ।

पूछतांछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम राकेश सोनी पिता स्व. अयोध्या प्रसाद सोनी निवासी पोडिया थाना इंदवार जिला उमरिया हाल निवासी बरही का होना बताया। जिसे उपरोक्त सोने चांदी के सम्बन्ध मैं वैध दस्तावेज पेश करने को कहा गया जो की मौके पर कोई वैध दस्तावेज पेश ना करने पर एसएसटी टीम से मौके पर ही उपरोक्त सोने चांदी को राकेश सोनी के कब्जे से जप्त कर अग्रिम करवाही हेतु जिला कार्यालय भेजा गया।

### कार्यवाही में इनकी रही भूमिका

सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव, एस. एस.टी. प्रभारी मृदुल कुमार साहू, AVFO.,उप निरी. शैलेन्द्र सिंह सेंगर. उप निरी. विनोद कांत सिंह, आर. अवधेश प्रताप सिंह, आर. लालू यादव, आर. विवेक श्रीवास्तव की मुख्य भूमिका रही।

## कैंडिल मार्च निकालकर मतदान करने दिया संदेश



नगर निगम द्वारा आज 22 अप्रैल 2024 को शाम 7 बजे से कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। नगर निगम के अधिकारियो कर्मचारियों द्वारा कैंडल मार्च निकालकर आमजनों को आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने और अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दिया।

## अलग अलग हादसों में तीन लोगों की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बरही, बड़वारा एवं बाकल थाना क्षेत्र में अलग अलग हादसों में तीन लोगों की मौत हो गई। तीनों की मामलों में पुलिस ने मर्ग प्रकरण दर्ज करते हुए मामलों को जांच में लिया है।

जानकारी के अनुसार बाकल थाना अंतर्गत नए घरन कुंड़ा गांव में एक युवक ट्रेक्टर के नीचे दब गया। स्थानीय लोगों की सूचना के बाद पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि यह हादसा ट्रेक्टर से मजदूरों के भूसा लेने जाने के दौरान लापरवाही पूर्वक ट्रेक्टर चलाने से हुआ। इसमें एक मजदूर की दबने से मौत हो गई। इस हादसे में मजदूर संतोष गोड़ 40 निवासी कटईया थाना पनागर जिला जबलपुर के मौत हो गई। हादसे के बाद हड़कंप मच गया।

इसी तरह बड़वारा थाना अन्तर्गत रूपौंद स्टेशन के पास एक युवक की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। बताया जाता है कि युवक कान में ईयर फोन लगाया हुआ था और पटरी पार कर रहा था। उसने ट्रेन के हार्न को नहीं सुना और हादसे का शिकार हो गया। जिसके बाद मौके पर भीड़ एकत्रित हो गई। युवक रूपौंद निवासी सोमवती पटेल का पुत्र बताया गया है, जो कि वहां की आशा कार्यकर्ता है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुरू किया। इस हादसे के संबंध में स्थानीय लोगों के बयान भी लिए गए हैं। मामले में पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पीएम करवाते हुए शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

इसी तरह अन्य हादसे में एक भी एक व्यक्ति की मौत हो गई। यह हादसा बरही थाना अंतर्गत हुआ। पुलिस ने बताया कि सुमला प्रसाद बर्मन (52) निवासी ग्राम ताली रोहनिया थाना बरही की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि मामले में पंचनामा कार्रवाई करते हुए पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। गौरतलब है कि एक तरफ पुलिस यातायात नियमों का पालन कराने के लिए समझाईश और चालानी कार्यवाही कर रही है तो दूसरी तरफ अभी भी वाहन चालक नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं। जिसके चलते शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में आए दिन इस तरह से हादसे घटित होते हैं।

### एसपी के प्रतिवेदन पर जिला दण्डाधिकारी ने की कार्यवाही

# कलेक्टर ने दो आदतन अपराधियों के विरुद्ध की बाउंड ओवर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में शांतिपूर्ण, निष्पक्ष, भय-रहित वातावरण में लोकसभा निर्वाचन 2024 एवं लोक व्यवस्था बनाये रखने को दृष्टिगत रखते हुए असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कठोर, प्रतिबंधात्मक कार्यवाही का सिलसिला निरंतर जारी है। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री अवि प्रसाद ने जिले के दो आदतन अपराधियों के विरुद्ध राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत बाउंड ओवर की कार्यवाही करते हुए संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करने का आदेश जारी किया हैं। कलेक्टर श्री अवि प्रसाद ने उक्त कार्यवाही पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर की है।

जिला दंडाधिकारी अवि प्रसाद द्वारा थाना एनकेजे अंतर्गत जुहला मेन रोड निवासी आयुष गर्ग पिता आलोक गर्ग उम्र 20 वर्ष के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत बाउण्ड ओवर की कार्यवाही करते हुए 6 माह तक प्रतिमाह एक दिवस थाना एन.के.जे में हाजिरी देने का आदेश पारित किया है। जबकि एक अन्य प्रकरण में थाना रीठी ग्राम जमुनिया निवासी उच्छेलाल उर्फ करिया पिता गोफा कुम्हार उम्र 40 वर्ष के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत बाउंड ओवर की कार्यवाही करते हुए 6 माह तक प्रतिमाह माह मे दो दिवस थाना रीठी में हाजिरी देने का आदेश पारित किया है।

आयुष गर्ग के विरूद्ध वर्ष 2020 से अभी तक सहयोगियों के साथ सक्रिय होकर एक राह होकर गाली, गुफ्तार करने, रास्ता रोककर मारपीट करना एवं फेक्चर कर चोट पहुंचाना, आम जगह पर गुण्डा गर्दी करनें, अश्लील कार्य करने जैसे अपराध पंजीबद्ध है।

जबकि अच्छेलाल उर्फ करिया के विरूद्ध वर्ष 2005 से थाना रीठी एवं कटनी मे 8 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें लोगों के घरों मे रेकी कर चोरी करना, अपराध करने के उद्देश्य से हथियार लेकर घूमना, लोगों के साथ गाली - गलौच करना, मारपीट कर जान से मारने की धमकी देना के साथ ही जिला बदर की कार्यवाही का उल्लंघन करनें जैसे अपराध शामिल है। दोनों अपराधियों के विरूद्ध समय- समय पर आपराधिक गतिविधियों मे अंकुश लगाने हेतु प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किये जाने के बाद भी इसकी आपराधिक गतिविधियों में कोई सुधार नहीं हुआ।

उक्त परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री अवि प्रसाद नें आयुष गर्ग एवं अच्छेलाल उर्फ करिया पर बाउंड ओवर की कार्यवाही करते हुए 6 माह की अवधि तक संबंधित थानों में प्रतिमाह हाजिरी दर्ज कराने के निर्देश दिए है।

### कलेक्टर ने किया स्ट्रांग रूम का किय औचक निरीक्षण

# स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद रखने निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी




कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवि प्रसाद ने सोमवार की शाम कृषि उपज मंडी पहरुआ परिसर स्थित स्ट्रांग रूम में कड़ी सुरक्षा में रखी गई ईव्हीएम , व्हीव्हीपेट मशीनों के स्थल का औचक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर श्री प्रसाद ने निरीक्षण के दौरान सीसी टी व्ही कैमरों एवं एल ई टीव्ही की जांच की जाकर मुस्तैद सुरक्षा प्रहरियों को सुरक्षा व्यवस्था को चाक -चौबंद रखने के निर्देश दिए।

बताते चलें की कटनी के कृषि उपज मंडी परिसर में स्ट्रांग रूम में जिले की विधानसभा क्षेत्र बडवारा, का स्ट्रांग रूम बनाया गया हैं। शहडोल लोकसभा के अंतर्गत आने वाले बडवारा विधानसभा क्षेत्र में 19 अप्रैल को मतदान हो चुका है। इनकी कड़ी निगरानी और सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे सुरक्षा बलों द्वारा पहरेदारी की जा रही है।

पूरी निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता बरतते हुए जिला प्रशासन ने अभ्यर्थी अथवा उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं के नजरिए से स्ट्रांग रूम का 24 बाय 7 निरीक्षण करने सुरक्षा घेरा के बाहर से तथा एल.ई.डी. स्क्रीन में सुगमता और सहजता से पूरा दृश्य देखने की उम्दा व्यवस्था की हैं।

अभ्यर्थी एवं निर्वाचन अभिकर्ता यदि चाहें तो सुरक्षा घेरा के बाहर टेंट लगाकर स्ट्रांग रूम की देखरेख कर सकते हैं। इस हेतु रिटर्निंग आफिसर , सहायक रिटर्निंग अधिकारी से अनुमति लिया जाना अनिवार्य होगा तथा अधिकृत प्रतिनिधि एवं अभिकर्ता को रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा पहचान पत्र जारी किया जावेगा।

### मजिस्ट्रेटों की लगी ड्यूटी

आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर श्री प्रसाद ने स्ट्रांगरूम की देखरेख हेतु कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी लगाई है जो प्रतिदिन स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करेंगे।

# रेत के अवैध परिवहन करने पर 31 हजार रूपये से अधिक का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कलेक्टर अवि प्रसाद के खनिज गौण के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों में गंभीरता से कार्यवाही करने के दिए गए निर्देश पर खनिज विभाग द्वारा नियमित निगरानी और नजर रखी जाकर खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामलों पर जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कड़ी कार्यवाही की जा रही है। जिसके परिणामस्वरूप विगत दिवसों रेत के अवैध परिवहन के मामले में जप्त किये गए एक वाहनों से 31 हजार 625 रूपये का प्रशमन शुल्क जमा कराया गया।

जिला खनिज अधिकारी नें बताया कि विगत 19 अप्रैल को ग्राम देवसरी इंदौर मोइंद्रा रोड में आकस्मिक निरीक्षण के दौरान ट्रेक्टर वाहन क्रमांक एम.पी. 54 एए 2293 मय ट्राली सहित से अनावेदक परिवहनकर्ता वाहन चालक, संदीप कोल पिता लल्लू कोल निवासी नदीपार विजयराघवगढ़ वाहन मालिक विवेक जायसवाल पिता शंकरलाल जायसवाल कटनी द्वारा 3 धनमीटर रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर वाहन जप्त किया गया। खनिज विभाग द्वारा जांच प्रतिवेदन के आधार पर मध्यप्रदेश खनिज गौण नियम 2022 के नियम 20 के तहत कार्यवाही प्रस्तावित की जाकर अनावेदक को निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि 31 हजार 625 रूपये जमा करनें का सूचना पत्र जारी किया गया।

अनावेदक उपस्थित होकर प्रशमन शुल्क की जमा करनें की बात कही जाकर वाहन मुक्त करने का अनुरोघ किया गया। जिला खनिज अधिकारी द्वारा अनावेदक से निर्धारित प्रशमन शुल्क की राशि 31 हजार 625 रूपये जमा कराई जाकर प्रकरण विधि संगत कार्यवाही हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

परिवहनकर्ता के द्वारा प्रशमन शुल्क की राशि जमा होने पर जप्त खनिज, औजार, मशीनरी एवं अन्य सामग्री निर्मुक्त करनें के प्रावधान के अंतर्गत जप्त वाहन को मुक्त करने की कार्यवाही की गई है।

## खबर संक्षेप

### नदी में नहाने गए वृद्ध की आकाशीय बिजली गिरने से मौत

हटा। सोमवार की सुबह अचानक मौसम में आए बदलाव से जहां बादलों की तेज गदा गड़ाहट के साथ हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई वहीं अनुविभाग के गैसाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम मुराछ में नदी में नहानें गए एक वृद्ध की आकाशीय बिजली गिरने की चपेट में आनें से दर्दनाक मौत हो गई वहीं समीप ही घूम रही गाय भी बिजली की चपेट में आनें से मौत के मुंह में समां गई। जानकारी के अनुसार मुराछ निवासी रमैया पिता गोटेराम व्यास उम्र 80 बर्ष रोजाना ही स्नान के लिए गांव से निकली सुनार नदी पर जाते थे सोमवार की सुबह करीब 8 बजे के आसपास अचानक मौसम के बदलाव एवं तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरने की चपेट में आनें से रमैया व्यास की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस को मिली सूचना पर मौके पर पहुंची गैसाबाद पुलिस द्वारा शव का पंचनामा बनाकर मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौंपा गया।

### अवैध मदिरा के विरूध कार्यवाही

दमोह। अवैध मदिरा के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। आबकारी दमोह वृत ब प्रभारी आबकारी उपनिरीक्षक सुरेश कुमार गोंड दमोह वृत 'ब' के द्वारा जबलपुर नाका दमोह स्थित कुचबंदिया मुहल्ला पर दविश देकर अवैध मदिरा के संग्रहण, विनिर्माण, विक्रय के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 24 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 300 लीटर महुआ लहान को मौके पर विधिवत जप्त किया गया है। साथ ही आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 3 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। जप्त सामग्री के अनुमानित कीमत 32400 रुपये है ।

### दुर्घटना में अज्ञात बाइक चालक की मौत

दमोह। मड़ियादो बर्धा मार्ग पर निवास गांव की निर्माणाधीन पुलिया पर गिरने से बाइक चालक युवक की मौत हो गई। देर रात हुए हादसे में डीलक्स बाइक चालक को 108 की मदद से सिविल अस्पताल हटा भेजा गया, जंहा ड्यूटी डॉक्टर सौरभ जैन ने मृत घोषित किया, मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। मड़ियादो थाना पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर पंचनामा कार्यवाही कर मृतक की पतासाजी के प्रयास किये जा रहे हैं।

### समर्थन मूल्य से अधिक भाव पर मंडी में बिक रहा चना

# 25 दिनों बाद भी समर्थन मूल्य केंद्रों पर चने की खरीदी शून्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

प्राकृतिक आपदाओं के कारण इस वर्ष क्षेत्र में चना के उत्पादन में प्रति एकड़ आधा उत्पादन का नुकसानदायक स्थिति का किसानों को सामना करना पड़ रहा है। हटा क्षेत्र में समर्थन मूल्य पर चना खरीदी के तीन केंद्र बनाए गए हैं किसी भी केंद्र पर अभी तक चना की आवक खरीद नहीं हुई है इसका मुख्य कारण समर्थन मूल्य से अधिक भाव किसाने को मंडी में मिल रहे हैं। जबकि दशकों से यह क्षेत्र चना मसूर मटर का अत्यधिक उत्पादन वाला क्षेत्र रहा। जैसे-जैसे सिंचाई की सुविधा बढ़ी तो चना का रकवा निरंतर बढ़ता ही गया। सिंचाई की सुविधा का लाभ उठाकर किसानों द्वारा वर्ष में तीन फसलों का उत्पादन किया जाने लगा है। क्षेत्र में खरीफ की मुख्य फसल अब उड़द व अरहर की खेती के बाद रवि सीजन में किसने द्वारा गेहूं चना की खेती की जाती है। लेकिन चना की खेती करने वाले किसने की संख्या भी कम होती जा रही है और अब किसानों का



सब्जियों की खेती के प्रति भारी रुझान बना हुआ है।

**समर्थन मूल्य से अधिक चना के मंडी में मिल रहे भाव-**

चने के उत्पादन में आई गिरावट से जहां किसानों को भारी नुकसान हुआ है परंतु चना के भाव समर्थन मूल्य से अधिक रहने से हुए नुकसान की कुछ भरपाई हो पा रही है। मंडी में चना के भाव 6000 रुपए के आसपास बने हुए है जबकि चने का सरकारी समर्थन मूल्य 5470 रुपए है। समर्थन मूल्य कम और मंडी में भाव अधिक होने का सीधा असर समर्थन मूल्य खरीदी केंद्रों पर बना हुआ है इसी कारण किसान समर्थन मूल्य पर चना बेचने के प्रति उदासीन और केंद्रो पर आवक शून्य की स्थिति बनी नजर आ रही है सोमवार को हटा के चना खरीदी केंद्र जीआरपी वेयरहाउस में जाकर देखा तो केंद्र प्रभारी प्रदीप दुबे ने बताया कि अभी तक एक भी क्विंटल चना की खरीदी हटा के तीनों केंद्रो पर नहीं हुई है। वहीं जीआरपी खरीदी केंद्र पर 1088 क्विंटल मसूर की खरीदी की गई है। उन्होंने बताया कि जब किसान का चना घर से ही व्यापारी समर्थन मूल्य की कीमत से ज्यादा मैं खरीद रहे हैं इसलिए किसान समर्थन मूल्य केंद्रो पर विक्रय हेतु नहीं आ रहे हैं।

## शराब दुकान निर्धारित समय पर बंद हो, अन्यथा होगी कार्रवाही

दमोह। मतदान सामग्री वितरण एवं सामग्री जमा होने के दौरान स्वास्थ्य टीम पूरी तरह से सक्रिय रहे, गर्मी का मौसम है, बचाव के लिये व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, डाक्टर की टीम एप्रेन पहनकर अपने निर्धारित क्षेत्र में भ्रमण करती रहे जिससे कर्मचारियों को यह पता रहे की स्वास्थ्य टीम साथ में है और जरूरत में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो सके। मतदान केन्द्रों पर टेंट, पानी, भोजन, बिजली, कुर्सियां, मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये, भोजन की व्यवस्था मध्यान्ह भोजन समूह से बनवाया जाये। इस आशय के निर्देश कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने आज नोडल अधिकारियों की 72 घंटे पूर्व नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी अर्पित वर्मा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम, एडीशनल एसपी संदीप मिश्रा, समस्त सहायक रिटर्निंग आफीसर, डिप्टी कलेक्टर के साथ नोडल अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने कहा नगर पालिका, नगरपरिषद टीम आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करे। एफएसटी, एसएसटी की बैठक 24 अप्रैल को होगी, वनरेबल बूथ पर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक भ्रमण कर जायजा लेंगे, एसडीएम अगले 3-4 दिन ड्यूटी चार्ट एफएसटी,एसएसटी की मानीटरिंग करें। उन्होंने शराब की दुकान रात्रि में निर्धारित समय पर बंद रखने के निर्देश आबकारी अधिकारी को दिये और कहा निर्धारित समय के बाद दुकान खुले रखने पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। कम्युनिकेशन कक्ष में सभी व्यवस्थायें सुनिश्चित की जाये। सामग्री वितरण के दौरान आपदा प्रबंधन की टीम भी उपलब्ध रहे। बैठक में मतदान कर्मियों के लिये टेंट, भोजन, बिजली, पानी, टायलेट आदि के संबंध में चर्चा की गई। कलेक्टर श्री कोचर ने मतदान के 72 घंटे, 48 घंटे, 24 घंटे और मतदान दिवस के संबंध में नोडल अधिकारियों से विस्तृत जानकारी लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## बड़े बाबा को 200 किलो चांदी का छत्र चढ़ाया

### दिल्ली के परिवार ने 70 किलो चांदी के भामंडल, 65 किलो चांदी के चंवर समर्पित किये



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

महाराज छत्रसाल की तरह मनोकामना पूरी होने पर दिल्ली के परिवार ने बड़े बाबा को 200 किलो चांदी का छत्र, 70 किलो चांदी के भामंडल, 65 किलो चांदी के चंवर समर्पित किए है। महावीर जयंती के पावन अवसर पर बड़ेबाबा के दरवार में विशाल छत्र, भामंडल, चंवर सुशोभित किए गए। सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र, जैन तीर्थ कुंडलपुर में युग श्रेष्ठ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के सभी शिष्य मुनि संघ, आर्यिका संघ कुंडलपुर में विराजमान है ।बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों का कुंडलपुर आने का क्रम जारी है। श्रद्धालु भक्त पूज्य बड़े बाबा के दर्शन ,अभिषेक ,शांति धारा ,पूजन कर पुण्यर्जिन कर रहे हैं ।वहीं सभी मुनि संघ आर्यिका संघ के दर्शन वंदन एवं आहार चर्या में भाग लेने का अवसर प्राप्त कर रहे हैं। गर्मी में भी लोगों का उत्साह कम नहीं हो रहा है। प्रातः भक्तांमर महामंडल विधान ,पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक, शांति धारा, पूजन, विधान हुआ । अभिषेक शांति धारा करने का सौभाग्य पदम जी राजेंद्र जी हुकुम प्रकाश प्रतीक वैभव तक्ष जी हरसोटा परिवार कोटा, श्रीमती सुशीला बाई अशोक राजकुमार ताराचंद विकास जी ठौरा परिवार कोटा, ऋषभ मोहिवाल चांदबाई मनीष सारिका परिवार कोटा, श्यामा जी अजय जैन राहुल वत्सल सपरिवार मेरठ ने प्राप्त किया ।इस अवसर पर आचार्य श्री का भक्ति भाव से पूजन किया गया एवं मुनि श्री के मंगल प्रवचन हुए। बड़े बाबा के दरबार में 200 किलो चांदी का छत्र, 70 किलो चांदी का भामंडल, 65 किलो चांदी के चंवर दिल्ली के परिवार द्वारा प्रदत्त किए गए जो बड़े बाबा के दरबार में लगाए गए । सांयकाल भक्तांमर दीप अर्चना, पूज्य बड़े बाबा की संगीतमय महा आरती हुई।

### अज्ञात ने बाइक को मारी टक्कर, एक की मौत

दमोह। देर रात हटा पन्ना राजमार्ग पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवारों को टक्कर मार दी। घटना में दो युवक गम्भीर रूप से घायल हुए जिन्हें सिविल अस्पताल हटा भेजा गया, जहां सोनू यादव उम्र 38 वर्ष निवासी बनोली रजपुरा की दुःखद मौत हो गई, वहीं पीछे बेठा रोहित पटेल निवासी घुटरिया घायल हुआ है। दोनों हटा से निमंत्रण कर विनती की तरफ आ रहे थे। हटा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर हादसे की जांच शुरू की अज्ञात वाहन की पतासाजी की जा रही है।

### मताधिकार का उपयोग अवश्य करें : कलेक्टर

दमोह। प्रत्येक मतदाता को मतदान दिवस पर मतदान केन्द्र पर अपना मत डालने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए अपना फोटो पहचान पत्र दिखाना होगा, इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुधीर कुमार कोचर ने कहा है निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान के दौरान 12 प्रकार के दस्तावेजो को शामिल किया गया है, जिसमें से एक दस्तावेज दिखाकर मतदाता मतदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा है 26 अप्रैल को मतदान करने अवश्य जायें, हम सभी का कर्त्तव्य और अधिकार है कि हम मताधिकार का उपयोग अवश्य करें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कोचर ने कहा ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों यथा आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंको / डाकघरो द्वारा जारी किए गए फोटो पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो युक्त पेंशन दस्तावेज, केन्द्र, राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटो युक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदो, विधायको, विधान परिषद सदस्यों की जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा जारी पहचान पत्र में से कोई एक प्रस्तुत कर मतदान कर सकते है।

### हनुमान जी जन्मोत्सव पर लगता है आस्था का मेला

# डूमर के पाताल भैरवी हनुमान मंदिर एवं कुसमी मढा में आज उमड़ेगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

बनवार ग्राम की खेर माता मंदिर में स्थित दक्षिण मुखी जी दिव्य अति प्राचीन प्रतिमा के साथ साथ कुसमी मढ़ा में देवतरा कुढी की गुफा समाधिनील संत देवतरा वाले दादा जी की निर्माण स्थली आज भी श्रद्धालुओं के लिए आस्था के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में अपनी विशेष पहचान बनाए हुए है। पुरातन कालीन मढा मंदिरों के खंडहरों का जीर्णोद्धार करके दर्शनीय स्थलों के रुप में विकसित करने वाले 1990 के दौर में समाधिलीन संत ओंकारगिरी देवतरा वाले दादा ने बिखरी पडी. पुरातत्व महत्व की अनेकों प्रतिमाओं को खंडहर मठ का जीर्णोद्धार करते हुए 1981 में मंदिर में संरक्षित किया गया था। मंदिर के अंदर दिव्य हनुमान जी प्रतिमाएं हैं जिनके दर्शनों के लिए हनुमान जी के जन्मोत्सव भक्तों की भारी भीड़ उमड़ेगी। वैसे तो इन संकट मोचन मंदिरों को क्षेत्र के दर्शनीय स्थलों को आस्था का प्रमुख केंद्र माना जाता है गोविंद तिवारी बताते है कि समाधिलीन संत देवतरा वाले दादा के द्वारा 1967 में अनेकों दुर्गम गुफाओं में अपना निवास स्थल बनाया। जिसमें शून्य नदी के तट पर शेर की गुफा में देवतरा कुटी वनाकर 12 वर्ष तक निवासरत दो विशालकाय पहाड़ की गिर धारा में टपका धाम बनाया जहां पर कुछ समय बीतने के बाद कुसमी धाम मठ मंदिर में जाकर रहने लगे और इस स्थान से एक किमी की दूरी पर जंगल में जल अभाव ग्रस्त क्षेत्र की एक चट्टान पर चमिटा माररकर कपिल धारा का उद्गम करवाया। वहीं बहोरीबंद क्षेत्र में बंदर सुआ जैसे दुर्लभ मनोरम स्थान हैं। जहां पर कुदरत और संत के प्रयासों से निर्मित शिल्प कला का अदभुत संगम है। जो इन मंदिरों के प्रति लोगों का आकर्षण इस तरह से बना है कि जो एक बार इन जगहों से गुजरता है इनकी सुदरता में वसीभूत होकर बार बार आता रहता है। और परम आनंद का अनुभव करता है। जहां आस्था और शिल्प सौंद्रर्य का अद्भुत संगम है गोविंद तिवारी बताते हैं कि कुसमी मठ सिद्ध क्षेत्र होने के साथ साथ अनेकों पुरातत्व महत्व की प्रतिमाओं का संग्रहलय है।

### एक पैर पाताल दूसरा पैर जमीन पर रखे अटल खड़ी है हनुमान जी की प्रतिमा



नोहटा डूमर मार्ग पर डूमर और बडगुवां तिराहा पर पाताल भैरवी हनुमत डोंगरी हैं। जहां पर लोग बताते हैं कि पहले यहां पर सात मढा थे देखरेख के अभाव में धीरे धीरे जमीनदोज हो गए और इन मढा की मूर्ति कला की प्रमिमाओं को मंदिर निर्माण के समय मंदिर के चाहुओर दीवारों पर स्थापित की गई है। जिसमें पुरातन काल कि अधिकांश प्रतिमा प्रतिमाओं के खंड काल में खंडित की गई है। लेकिन कुछ आज भी सुरक्षित हैं। पुरातत्व महत्व वाली इन प्रतिमाओं के संरक्षण विकाश की ओर पुरातत्व विभाग की नजर नहीं पडी.है ही पुरातन धरोहरों को संरक्षित किए जाने की ओर प्रशासन का ध्यान पंहुच जाए तो पर्यटक स्थलों के रुप में अपनी पहचान विकसित करने में देर नहीं लगेगी।

### बनवार खेर माता मंदिर में विराजमान है दक्षिण मुखी हनुमान जी की सिद्ध प्रतिमा



ग्राम के अति प्राचीन खेर माई मंदिर की पहचान अब सर्व देव मंदिर के रूप में विकसित हो चुकी है लेकिन यहां पर अति प्राचीन दक्षिण मुखी संकट मोचन भगवान की दिव्य प्रतिमा विराजमान है जिनकी दर्शनों के लिए वैसे तो प्रतिदिन में श्रद्धालु पहुंचते हैं लेकिन हनुमान जी के जन्मोत्सव के अवसर पर सिद्ध प्रतिमा की दर्शन पूजन के लिए क्षेत्र भर से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर श्रृंगार दर्शन करते है मंदिर समिति के द्वारा विशेष रूप से हनुमान जी का जन्म उत्सव मनाया जाता है।

# दौनी में है हनुमानजी की अद्भुत प्रतिमा

तेन्दूखेड़ा। नगर से लगभग 25 कि.मी. दूर वनांचल में स्थित ग्राम पंचायत पाठादौ व महगुवां कलॉ के पास प्राचानी अजंनीपुत्र हनुमान मंदिर स्थित है। यहां पर विराजमान अंजनीपुत्र हनुमान जी के दर्शनों के लिए काफी संख्या में भक्त प्रत्येक मंगलवार और शनिवार पहुंचते हैं। इस हनुमान मंदिर की मान्यता है कि यहां भक्तों की मुरादें पूर्ण होती हैं। समूचें क्षेत्र के लोग यहां आकर हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त कर धर्मलाभ प्राप्त करते हैं। साथ ही इस सिद्ध स्थान पर प्रतिमा के समीप चौबीसों घंटे अखंड ज्योति प्रज्जवलित रहती है। इस स्थान पर दूर-दूर से लोग पवनसुत हनुमान के दर्शन करने पहुंचते हैं। दौनी में विराजमान हनुमान प्रतिमा काफी



वर्षों प्राचीन है। इस प्रतिमा के पास एक प्राचीन बावड़ी भी है। लोगों ने बताया कि इस बावड़ी में दौनी, पाठादौ गांव के हजारों लोगों की जलापूर्ति होती है। सिद्ध हनुमान मठ के बारे में लोगों ने बताया कि सिद्ध हनुमान मठ में हनुमान जी की प्रतिमा के पैर को सैकड़ों फुट खोदे जाने के बाद भी उनके पैरों के छोर तक नही पहुंचा जा सका है। पूरनलाल आदिवासी ग्राम दौनी ने बताया कि मंदिर प्रतिमा के पास बनी बावड़ी ग्राम दौनी, पाठादौ सहित अन्य ग्रामों को गर्मी के दिनों में प्राणदायिनी है। भीषण जलसंकट के समय समस्त जल स्रोत सूख जाते हैं लेकिन हनुमान जी की कृपा से यह बावड़ी कभी खाली नहीं होती है। बताया जाता है कि सिद्ध हनुमान मठ में जो भी लोग मनोकामना लेकर यहां आते हैं उनकी संपूर्ण मनोकामना पूर्ण होती है। इस सिद्ध स्थल पर पहुंचने पर मन को शांति होती है, साथ ही यहां आने वालों को भगवान की इस प्राचीन प्रतिमा की महिमा की जानकारी भी प्राप्त होती है। ग्राम के सुरेंद्र यादव 35 वर्ष ने बताया कि मंदिर में अनेकों बार धर्मप्रेमियों द्वारा कोशिश की गई कि मंदिर का निर्माण कराया जाए लेकिन निर्माण कार्य यहां संभव नहीं हो पाता है। किसी न किसी कारण की वजह से निर्माण संबंधी योजना रूक जाती है। सिद्ध स्थान दौनी में हनुमान जयंती की तैयारी पूर्ण हो चुकी है 23 अप्रैल मंगलवार को तीन बार सिंगार पूजा के साथ विशाल भंडारा आयोजित किया गया है यह सिंगार पूजा सुबह 10 बजे फिर 2 बजे इसके बाद शाम 6 बजे इसके बाद भगवान की महाआरती की जाएगी महा आरती के साथ होगी सुबह से विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर धर्म प्रेमी बंधु बजरंगबली का आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। गांव के अनेक लोगों ने बताया कि पुरातत्व मूर्तियां कलचुरी कालीन पाषाण प्रतिमाएं हैं, कुछ मूर्तियां रानी दुर्गावती संग्रहालय जबलपुर, दमयंती संग्रहालय दमोह व प्राचीन मूर्तियां रानी दुर्गावती प्रतिमा सिंग्रामपुर के पास संग्रहित की गई हैं व बहुत सी मूर्तियां अभी भी हनुमान मठ के समीप स्थापित है दौनी में स्थित हनुमान स्थल के आसपास पंचायत द्वारा सामुदायिक भवन व चारों ओर वाऊंड्रीवाल बनवा दी गई है, जिससे यह स्थल काफी सुरक्षित व सौंदर्य से परिपूर्ण हो चुका है। लगभग 4 एकड़ स्थल में स्थित यह स्थान दमोह, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर के लोगों के लिए आस्था का केंद्र बना हुआ है, जिसके कारण श्रद्धालु हनुमान जयंती पर सैकड़ों की संख्या में पहुंचते हैं।

### 17 वर्ष से लगातार चल रही अखंड ज्योति

इस स्थान पर अखंड ज्योति लगभग 17 वर्ष से प्रज्वलित है हनुमान जी की सेवा कर रहे श्रीराज यादव ने बताया कि इस मंदिर में पहुंचने पर मन को अटूट शांति प्राप्त होती है इसलिए मैं सप्ताह में दो बार इस सिद्ध मूर्ति के दर्शनों के लिए पहुंचता हूं।

**सी.एम.राईस स्कूल दमोह में विधिक जागरूकता शिविर सम्पन्न**

# न्यायपूर्ण एवं शालीन जीवन जीना चाहिए: जिला न्यायाधीश

दमोह। म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अजय प्रकाश मिश्र के मार्गदर्शन में शासकीय सी.एम. राईस स्कूल दमोह में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धर्मेश




भट्ट एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया की उपस्थिति में किया गया। जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण धर्मेश भट्ट ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुये उन्हें विधिक सेवा योजनाओं के विषय में जानकारी दी। साथ ही मौलिक अधिकार एवं मौलिक कर्तव्य पर चर्चा करते हुए बताया कि संविधान द्वारा बच्चे के गर्भ में आने से लेकर मृत्यु तक सुरक्षा एवं अधिकार प्रदान किये गये है। संविधान समस्त प्रकार के कानून का निर्माता है। संविधान द्वारा बिना किसी भेदभाव के प्रत्येक व्यक्ति के लिए मूल अधिकारों की गारंटी दी गई है। प्रत्येक व्यक्ति का यह दायित्व होता है कि वह अपने मूल अधिकारों के साथ-साथ अपने मौलिक कर्तव्यों का भी निष्ठा से पालन करें और न्यायपूर्ण एवं शालीनता का पालन करते हुये अच्छा एवं सम्मानपूर्ण जीवन जिये। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने छात्र-छात्राओं को मोटरयान अधिनियम, पॉक्सो अधिनियम, किशोर न्याय बोर्ड की प्रक्रिया, बच्चों को मैत्रीपूर्ण विधिक सेवायें योजना 2015, चाईल्ड लाईन, नालसा हेल्पलाईन 15100 एवं निःशुल्क विधिक सहायता योजना के संबंध में जानकारी दी तथा बच्चों को पढ़ाई पर ध्यान केनद्रित कर अपने जीवन में लक्ष्य का निर्धारण करते हुये उसकी प्राप्ति करने के लिए प्रयासरत रहने के लिये कहा। कार्यक्रम में प्राचार्य आर.पी. कुर्मी, शिक्षकगण विजय कुमार दुबे, नरेन्द्र अहिरवार, डॉ. लीना पटवा, प्रतिभा चौरसिया, ज्योति खरे, पूर्णिमा साहू, मुग्धा उपाध्याय, रेखा त्रिपाठी, प्रदीप दुबे, मुकेश कुमार विश्वकर्मा, कृष्णकांत दुबे, विनोद कुमार खलखो, सतीश कुमार चैबे, ट्रेनी विधि छात्र अध्यात्म चतुर्वेदी एवं छात्र/छात्रायें उपस्थित रहे।

# टूटे पड़े यात्री प्रतीक्षालय



गैसाबाद। ग्राम के बस स्टैंड पर सुविधाजनक यात्री प्रतीक्षालय नहीं होने से यात्रियों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। धूप में खड़े होकर यात्री बसों का इंतजार करने को विवस है ग्रामीण जनों के बताएं मुताबिक ग्राम की पुरानी पंचायत कार्यालय के सामने सन 1990 ,95 में पंचायत द्वारा यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण कार्य कराया गया था। लेकिन शायद ही यात्रियों को इसका उपयोग करने मिला हो लगभग 20 वर्षों तक इस प्रतीक्षालय में एक नरबद नाम की महिला जिसकी दिमाकी हालत ठीक नहीं थी। उसका डेरा रहा और वर्तमान समय में भी इस प्रतीक्षालय का उपयोग यात्रियों के लिए नहीं है। आजाद चौक के पास विधायक निधि से निर्मित यात्री प्रतीक्षालय भी टूट कर बिखर गया है जो यात्रियों के बैठने के लायक नहीं रह गया है। गर्मी के इस मौसम में यात्रियों के लिए बस स्टैंड पर बैठने के लिए कोई स्थान नहीं है यात्री तो फिर भी चाय पान के टपरो पर बैठकर बस का इंतजार कर लेते है लेकिन महिलाओं को दुकानों पर बैठने में असुविधा होती है ग्रामीणो ने बस स्टैंड पर एक सुविधाजनक यात्री प्रतीक्षालय बनाए जाने की मांग की है।